
## खबर संक्षेप



### भागवत कथा स्थल का एसपी ने निरीक्षण

**कटनी।** रंगनाथ नगर क्षेत्र में 31 जनवरी से आयोजित होने वाली सात दिवसीय विराट श्रीमद् भागवत कथा को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कथा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आयोजकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। एसपी ने पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, मेडिकल सुविधा, आपातकालीन सेवाओं एवं सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाएं और कार्यक्रम के दौरान लगातार निगरानी रखी जाए। उल्लेखनीय है कि यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश महाराज के मुखारविंद से आयोजित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एएसपी संतोष डेहरिया, यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं रंगनाथ मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में झांकी के प्रदर्शन हेतु दल गठित

**कटनी।** निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड झिंझरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में निगम की योजनाओं एवं स्वच्छ जल अभियान से संबंधित आकर्षक झांकी के प्रदर्शन की व्यवस्थाओं हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। निगमायुक्त श्रीमती कौर ने झांकी की संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु दल गठित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उपायुक्त श्री गुप्ता के मार्गदर्शन मे झांकी तैयार करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार झांकी की रूपरेखा, तैयारी प्रदर्शन एवं थीम तैयार करने का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह को सौंपा जाकर सहयोगी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं वाहन व इंधन व्यवस्था हेतु मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री, झांकी हेतु आवश्यक फूल मालाएं, गमले बैनर, फ्लेक्स आदि की व्यवस्था हेतु आदेश जैन उपयंत्री, सुरक्षा व्यवस्था हेतु अभिषेक अरजरिया सहित प्रभारी अधिकारी के सहयोग हेतु तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर सौंपी गई व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराकर मुख्य समारोह में झांकी का प्रदर्शन कराने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस किया घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त 63 कंपोजिट मदिरा दुकानों, एफ एल-2, एफ एल-3, एफ एल-4 एवं वाईन शॉप (अम्वी वाईन आउटलेट) लाइसेंस के अंतर्गत मदिरा का क्रय, विक्रय परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों, एफएल - 2, एफएल – 3, एफएल - 4 एवं वाईन शॉप अम्वी वाईन आउटलेट लाइसेंस परिसरों को 25 जनवरी की रात्रि 11:30 बजे से 27 जनवरी की सुबह 8:30 बजे तक बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

## बंगला लाइन में अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही करने पहुंची टीम पर किया था पथराव

# आबकारी टीम पर हमला करने वाले 3 आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**शराब का अवैध कारोबार करने वाले अब इतने दबंग हो चुके हैं कि कानून का भी भय नहीं रहता। बंगला लाइन में अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही करने पहुंची आबकारी टीम पर पथराव की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है। हमले की शिकायत पर पुलिस एक्शन में आई और बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाल कर सारी हेकड़ी निकाली। कुछ फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आबकारी टीम पर हमला करने एवं वाहनों को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व बंगला लाइन क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने पहुंची आबकारी टीम पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पथराव किया था, जिसमें विभाग के तीन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे।

22 जनवरी को जिला आबकारी विभाग की टीम उप निरीक्षक केशव प्रसाद उइके के नेतृत्व में बंगला लाइन इलाके में अवैध शराब की सूचना पर दबिश देने पहुंची थी। इसी दौरान स्थानीय निवासी आरोपियों ने संगठित होकर टीम को घेर लिया और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस अचानक हुए पथराव में आबकारी विभाग के तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। आबकारी उप निरीक्षक की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद बंगला लाइन निवासी तीन युवकों को हिरासत में लिया जिनमें आकाश उर्फ राका वंशकार 23 वर्ष, शाहिल उर्फ गोला वंशकार 21 वर्ष, बादल वंशकार 20 वर्ष शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस अब इनके फरार साथियों की तलाश कर रही है। साथ ही सभी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया व सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में की गई। टीम में सउनि राजेश बागरी, प्रआर. श्रीकान्त सेन, आरक्षक लोकेन्द्र, उमाकांत, राकेश साहू, नवीन शुक्ला, संजय सिंह और गौरव गिरी की विशेष भूमिका रही।



# गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल ड्रेस रिहर्सल हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में है।इसी क्रम में शनिवार की सुबह समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम और फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी निगमायुक्त हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में मुख्य समारोह की तरह अंतिम रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और परेड की सलामी ली गई।

फाइनल रिहर्सल में प्लाटूनों द्वारा आकर्षक, अनुशासित एवं समन्वित परेड का प्रदर्शन किया गया। परेड की सटीकता, अनुशासन एवं तालमेल ने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को प्रभावित किया। रिहर्सल के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता का संदेश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता सहित पुलिस, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कलेक्टर आशीष तिवारी मुख्य अतिथि की हैसियत से ध्वज फहरायेंगे।

**लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर होगी सख्त कार्यवाही**

# 23 पंचायतों में लापरवाही पर चेतावनी पत्र जारी कर 24 घंटे में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर मैदानी अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट कर योजनाओं की प्रगति का आकलन अनवरत रूप से किया जा रहा है। गत दिवस जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जनपद सीईओ ने

सिमरिया, बरही, कच्छारगांव छोटा, पिंडरई, टोला और मंगेली दौरा कर योजनाओं की प्रगति की नब्ज टटोली। ग्राम पंचायत बरही में सूचना देने के उपरांत भी कार्यालय बंद पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए अन्य ग्राम पंचायतों में जाकर जानकारी लेते हुए समीक्षा की। श्री कोरी ने बताया कि 24 घंटे में प्रगति नहीं लाते है सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसमें वेतन कटौती से लेकर निलंबन एवं विभागीय जांच संस्थित करने तक की कार्रवाई होगी।

### इन पंचायतों को जारी किए चेतावनी पत्र

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत समाधानक कारक संख्या में आवेदन पत्र दर्ज नहीं करने एवं लगातार 3 महीने से समग्र ई केवाईसी कार्य में घोर लापरवाही बरतने, निर्देशों की अवहेलना एवं लक्ष्य के अनुरूप वांछित प्रगति नहीं ले जाने पर इन 23 ग्राम पंचायत को चेतावनी पत्र जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा,टोला, बरही ,सिमरिया,मुरवारी, हरदी,पौड़ी कला, जिन्ना पिपरिया ,सागोंना , मगेली,पिपरिया सैलावन ,परसेल ,सरसवाही, पहरवा , बरेली रामपुर, आमाझाल, इमलिया , खाम्हा, पिंडरई , पौनिया,मढाना,कनौजा और जिरी द्वारा यदि 24 घंटे के अंदर समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो एक तरफा कार्रवाई की जाएगी।

## महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में स्टार्टअप एवं उद्यमिता विषयक कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्टार्टअप दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नवाचार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक एवं अहमदाबाद से प्रशिक्षित टीपीओ नवीन गौतम रहे उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप, इनक्यूबेशन, उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवीण तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक विनय जैन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता एवं कैरियर निर्माण पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक दिव्या तिवारी, राजेंद्र कुमार उइके, मंजू द्विवेदी, महिमा तिवारी, ममिता पटले , ज्योति ताम्रकार,विवेक शुक्ला, आशीष सोनी, पूजा साहू, दसमंत दास पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# योजनाओं में प्रगति लाने एक सप्ताह का दिया समय वरना अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हितग्राही एवं सामुदायिक योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता पूर्वक कार्रवाई कर प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम ने समीक्षा बैठक लेते हुए जनपद स्तरीय योजना प्रभारी अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा सतत रूप से की जाती है। सुश्री तेकाम ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, एएओ,सहायक यंत्री और ग्राम रोजगार सहायकों को श्रमिक नियोजन में वृद्धि करने, लेबर बजट, एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत रोपित किए गए पौधे, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शेष मानव दिवसों के भुगतान, वर्ष में जारी किए गए शून्य मस्टर रोल, न्यूनतम मानव दिवस और ई केवाईसी में न्यूनतम प्रगति वाली 15 ग्राम पंचायतों की जानकारी ली जाकर विस्तार से समीक्षा की। इसी दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण हेतु समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया जाता है कि एक सप्ताह के अंदर योजनाओ में प्रगति लाएं अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

**पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा कार्य**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में 'जनगणना 2027' हेतु जिला समन्वय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत की पहली 'डिजिटल जनगणना' (जनगणना 2027) के सफल संचालन और इसके सतत पर्यवेक्षण हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी ने शासन के निर्देशानुसार 'जिला जनगणना समन्वय समिति' का गठन कर दिया है।

जनगणना-2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन किया जायेगा। जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न की जायेगी। जिसमें प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अप्रैल से सितंबर, 2026 के दौरान शासन से परामर्श उपरांत निर्धारित 30 दिनों की अवधि में कराया जाएगा और यह अवधि मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र में प्रकाशित की जायेगी। द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी, 2027 में कराया जाएगा। जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तारीख 1 मार्च, 2027 होगी, जिसका तात्पर्य यह है कि जनसंख्या के आंकड़े 1 मार्च, 2027 की स्थिति के अनुसार होंगे। जनगणना 2027 में प्रगणक मोबाईल का प्रयोग करते हुए मोबाईल एप के द्वारा परिवारों से डिजिटल रूप से आकड़े संकलित करेंगें। इसके अतिरिक्त जनगणना के समस्त फील्ड कार्य की सतत निगरानी हेतु भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा विकसित वेब पोर्टल 'सेंसस मैनेजमेंट एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल' के अनुसार कार्यवाही करेंगे।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री तिवारी होंगे। वे जिला अंतर्गत सभी चार्ज अधिकारियों (तहसीलदार, नगरपालिका अधिकारी इत्यादि) को जनगणना 2027 संबंधी सभी कार्यों का समय-सीमा में अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु समुचित निर्देश जारी करेंगे एवं समस्त कार्य की सतत निगरानी करेंगे। साथ ही जनगणना कार्य हेतु लगाये जाने वाले कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे, जनगणना के मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स एवं फील्ड स्टाफ को नियुक्त एवं ससमय उनका प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित करवायेंगे। इसी प्रकार जिला जनगणना अधिकारी संयोजक के रूप में जिला अंतर्गत जनगणना 2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में प्रमुख जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने एवं जिला स्तर पर समस्त आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना और सांख्यिकी अधिकारी जिला अंतर्गत जनगणना 2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में जिला जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करेंगे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

# प्रतिभाशाली युवाओं को किया गया सम्मानित, दिलाई गईं शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड बहोरीबंद के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम पंचायत तेवरी में ग्राम उत्सव का सेक्टर स्तरीय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्थायुवा जन सेवा समिति तेवरी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सुश्री काजल रजक, पूर्व शिक्षक अवसर सिंह धुर्वे, प्राचार्य मनोज हल्दकार, समाजसेवी संतोष जैन तथा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लकी अग्रहरि सहित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

परिषद के ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी और शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी रविंद्रनाथ झारिया ने युवा जन सेवा समिति द्वारा किए गए कार्यों रक्तदान शिविर, बच्चों को गर्म कपड़े वितरण तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमोच के सरपंच नरेश दहायत ने नशा मुक्त गीत के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में युवाओं को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। स्लीमनाबाद थाना के प्रधान आरक्षक द्वारा साइबर अपराध एवं साइबर अरेस्ट के विषय में युवाओं को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर संस्था द्वारा ग्राम के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कम उम्र में ग्राम नेतृत्व कर रही सरपंच सुश्री काजल रजक, 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले समाजसेवी प्रशांत जैन, रविंद्रनाथ झारिया, बसंत जायसवाल , सक्रिय सहभागिता में विनोद सिंह शामिल रहे। साथ ही शासकीय ठाकुर बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के खेल प्रभारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में कबड्डी विजेता टीम तथा स्वदेशी संकल्प दौड़ के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों सहित अन्य प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन युवा जन सेवा समिति के अध्यक्ष बसंत जायसवाल द्वारा किया गया।

# बांके बिहारी का हुआ रुद्राभिषेक, धर्म ध्वजा की अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आज आबै जू भई है ब्रजनंदन आवत ही कुंज बिहारी। लगत ब्रजधाम नीको आली मोए लगत ब्रजधाम नीको ऐसे एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतो की प्रस्तुति के बीच हरिदास ब्रजधाम कोहका में बसंतोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी के दिन दिनभर कथा पूजा अर्चना का दौर चला तो देर शाम हवन यज्ञ पूर्णाहुति हुई। शुक्रवार -शनिवार की मध्य रात्रि 12 बजे भगवान बांके बिहारी का रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक करते समय भगवान बांके बिहारी को पीले वस्त्र व आभूषण अर्पित किये गये।

भगवान बांके बिहारी की सखियाँ के द्वारा विधि विधान से मंगलाचरण कर रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना को लेकर धर्म ध्वजा अर्पित की गईं ।शनिवार प्रातकाल 5 बजे हरिदासमहाराज के धर्म ध्वजा स्थल पर दूर दराज क्षेत्रों से पहुँची सखियों के द्वारा रहस्य रचाकर महारास लीला की।इस दौरान बसंतपंचमी मेला अवसर पर अपनी मन्नतो को लेकर आस्था के मंदिर मे भारी जन सैलाब उमड़ा।दूर दराज से आए भक्तो ने हरिदास महाराज के चरणों मैं मत्था टेका व खुशहाली की कामना की। शनिवार को आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

हरिदास ब्रजधाम में चल रहे बसंतोत्सव पर्व का आज समापन हो जायेगा ।रविवार को दधिकंधोत्सव मनाया मनेगा जिसमें विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चारन के बीच गौपूजन कर विश्व कल्याण की कामना की जाएगी।इसके बाद जलविहार का कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें लोगों के द्वारा हरिदास जी महाराज के स्थल की परिक्रमा कर सरोवर के लिए प्रस्थान करेंगे। सायंकालीन भगवान हरिदास महाराज को 56 प्रकार के भोग अर्पित किये जायेंगे। इस दौरान कथा व्यास पंडित रमाकांत पौराणिक, जिपं सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, गणेश तिवारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**कटनी।** राज्य शासन ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिये मुख्य अतिथियों की सूची में संशोधन किया है। इसके तहत अब कटनी जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहरायेंगे। पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री तिवारी ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी मुख्य अतिथियों की सूची के तहत कटनी में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह को ध्वजारोहण करना था।

### अधिकारियों को दिया जायेगा ऑनलाइन प्रशिक्षण

**कटनी।** जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में 'संकल्प से समाधान अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। चार चरणों में चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के समस्त अधिकारियों और दल प्रभारियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार 28 को जनवरी जनपद पंचायत कटनी और बहोरीबंद के समस्त क्लस्टर लेबल अधिकारियों एवं दल प्रभारियों को दोपहर 12 बजे से, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा के समस्त क्लस्टर लेबल अधिकारियों एवं दल प्रभारियों को दोपहर 2 बजे से और जनपद पंचायत रीठी और बड़वारा के क्लस्टर लेबल अधिकारियों एवं दल प्रभारियों को शाम 4 बजे से प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं नगर निगम कटनी सहित नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के समस्त क्लस्टर लेबल अधिकारियों एवं दल प्रभारियों को गुरूवार 29 जनवरी दोपहर 12 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समयानुसार गूगल मीट के माध्यम से जुड़कर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं।

### देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्यवाही

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने गत रात दिव्यांचल मैरिज गार्डन में नियमों की अव्हेलना करने पर कार्यवाही करते हुए साउंड बाक्स एवं एम्लीफायर जब्त किया है। साथ ही प्रकरण भी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण और देर रात लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन दिव्यांचल मैरिज गार्डन में देर रात तक तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जा रहा था। जिससे आस-पास के रहवासियों को भारी असुविधा हो रही है। सूचना मिलते ही सउनि बहाव खान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने पाया कि जिला दंडाधिकारी के आदेशों की अवहेलना करते हुए देर रात तक तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 250 वाट का एक आहूजा स्पीकर बॉक्स और नेशनल मेहता कंपनी का एक एम्पलिफायर जब्त कर लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223(बी) एवं 15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### घंटाघर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही

**कटनी।** जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग चौड़ीकरण हेतु राजस्व एवं निगम प्रशासन द्वारा की जा रही संयुक्त कार्यवाही के तहत अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की गई। कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग नगर निगम एवं अतिक्रमण शाखा का अमला दलबल के साथ स्थल पर मौजूद रहा। सहायक यंत्री सुनील सिंह ने बताया कि निगम प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग से आवागमन को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाना है। चिन्हित शेष संरचनाओं को हटाने हेतु निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

---

#### कराटे के माध्यम से दिया गया बालिका सशक्तिकरण का संदेश

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बालिका गृह कटनी की बालिकाओं द्वारा कराटे की शानदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी, एम कीडो, प्राचार्य, दुर्गेश मरैया एवं कमलेश पटेल, सदस्य द्वय, बाल कल्याण समिति, कटनी एवं बड़ी संख्या में बालिकाओं की उपस्थिति रही।

विकासखंड बहोरीबंद में श्रीमती जया सेंगर, सभापति महिला एवं बाल विकास समिति, राकेश चौरसिया, अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद एवं सतीश पटेल, परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्नीस बालिकाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को






सम्मामनित किया गया।

विकासखंड बड़वारा में जनपद सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में राम सेवक दुबे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बड़वारा, अनुराग गुप्ता, मंडल अध्यक्ष, श्रीमती सुनैना सिंह, सरपंच, जुगल किशोर चौरसिया, प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं इंद्र कुमार साहू, परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

विजयराघवगढ़ में ब्रितेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं संतोष अग्रवाल, परियोजना अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर किशोरी बालिकाओं का सम्मान किया गया।

#### पुरुस्कृत कर किया उत्साहवर्धन

विकासखंड ढीमरखेड़ा में राष्ट्रीय बालिका दिवस सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत उमरिया पान में श्रीमती ज्योति बैरागी, सभापति, महिला एवं बाल विकास समिति, दीपू बैरागी, सदस्य, जनपद पंचायत एवं श्रीमती आरती यादव, परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं विभागीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया।

विकासखंड रीठी में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं उन्हें शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया गया। साथ ही अच्छा कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का भी उत्साहवर्धन किया गया।

---

## जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ 28 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न आरक्षित केंद्र, पुलिस चौकियों एवं थानों में पदस्थ कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। तबादला आदेश के तहत आरक्षित केंद्र कटनी में पदस्थ कई प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला आरक्षक को कोतवाली, यातायात थाना, माधवनगर, बरही, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद सहित अन्य थानों एवं पुलिस चौकियों में पदस्थ किया गया है। वहीं कुछ कर्मचारियों को पुलिस चौकी से आरक्षित केंद्र तथा कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक/मुख्यालय में भी पदस्थापना दी गई है।

सूबेदार सोनम उईके रक्षित केन्द्र से थाना यातायात, कार्य. सउनि सतीश भगत रक्षित केन्द्र से चौकी झिंझरी, प्रधान आरक्षक रामनरेश शुक्ला रक्षित केन्द्र से रंगनाथ नगर, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा रक्षित केन्द्र से थाना कुठला तबादला किया गया। इसी प्रकार प्रधान आरक्षक चंदा ठाकुर को रक्षित केंद्र से थाना विजयराघवगढ़, नीतीश डोंगरे को रक्षित केंद्र से थाना बड़वारा, प्रधान आरक्षक अखिलेश दीक्षित को रक्षित केंद्र से थाना विजयराघवगढ़, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा को रक्षित केंद्र से थाना बरही, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह उद्दे को रक्षित केंद्र से थाना बड़वारा, आरक्षक प्रेम शंकर पटेल को रक्षित केंद्र से थाना स्लीमनाबाद, प्रधान आरक्षक सुनीता सिंह को कंट्रोल रूम से थाना एनकेजे भेजा गया है। संदीप यादव को थाना बरही, तो प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव को रक्षित केंद्र भेजा वहीं प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव को पुलिस चौकी बिलहरी से रक्षित केंद्र, आरक्षक संतोष यादव को रक्षित केंद्र से रीठी, आरती साहू को यातायात, रजनी सिंह को थाना यातायात, नैना कश्यप को बरही, दीक्षा गर्ग को बरही, राजनंदनी मरावी को थाना यातायात, नैंसी गुप्ता को थाना यातायात, संदीप यादव को थाना बरही, प्रियंका शुक्ला को थाना कोतवाली, आदर्श मिश्रा को कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक आजाक से कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, विवेक कुमार को थाना बरही, अनमोल सिंह को थाना कोतवाली, उपेंद्र बहादुर को थाना कोतवाली, श्यामदास कोल को थाना विजयराघवगढ़, राजकुमार अहिरवार को थाना यातायात पदस्थ किया गया है।

---

#### किड्स केयर स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

## छात्र छात्राओं ने नाटक एवं नृत्य की मोहक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किड्स केयर पाब्लिक स्कूल का 12वां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह क्रोनिया धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिल रमनानी चार्टड एंकाउंटेड , श्रीमति मंजूषा गौतम फाउन्डर चेयर मैन मुस्कान फाउन्डेर, प्रदीप मिश्रा सी. ई. ओ. कटनी जिला जनपद पंचायत के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। माँ सरस्वति पूजन एवं बहुत ही सुन्दर गरीमामय सरस्वति वंदना नृत्य की प्रस्तुति से जनसमुदाय का मनमोह लिया। स्वागत नृत्य की छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं बहुत ही सुन्दर स्वागत गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। प्री प्रायमरी के छात्र/छात्राओ द्वारा रंग-बिरंगी ड्रेस पहनकर इंगलिश




गीतो में नन्हे-मुन्ने छात्र/छात्राओ ने अपनी प्रस्तुति कर उपस्थित जनसमुदाय का मनमोह लिया। इंग्लिश नाटक प्राइमरी स्कूल द्वारा बहुत ही मनमोहक एवं छात्रो द्वारा हनुमना चालीसा , शिव तांडव नृत्य , नरसिंह अवतार नृत्य भव्यतापूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि श्रीमति मंजूषा गौतम फाउन्डर चेयर मैन मुस्कान फाउन्डेर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ प्रदीप मिश्रा सी. ई. ओ. कटनी जिला जनपद पंचायत जिला कटनी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भव्यता की तारीफ की एवं छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

छात्राओ द्वारा बहुत ही सुन्दर एंकरिंग की गई तथा किड्स केयर पाब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओ के म्यूजिकल क्लब द्वारा पूरे कार्यक्रम में सुन्दर से म्यूजिक से शमां बांध दिया।

दीवाली सेलिब्रेशन काम्पटीशन में स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावक को उपहार देकर सम्मान किया गया तथा दीवाली क्लास डेकोरेशन में छात्र/छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। स्कूल की प्राचार्या ऐरावत आकाश हिन्दूजी ने अपने नेतृत्व मे कार्यक्रम को सफलतापूर्ण सम्पन्न कराया। अपार जनसमुह ने चौपाटी में व्यजनो का लुफ्त उठाया तथा कार्यक्रम की प्रशंसा कर स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद एवं सहयोग प्रदान किया गया।

---

#### उत्कृष्ट कार्य करने पर विद्यार्थियों एवं सदस्यों को किया सम्मानित



मप्र जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में तेजसिंह केशवाल जिला समन्वयक के निर्देशानुसार एवं बाल मुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, जुहली के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में दीपक सोनी जिलाध्यक्ष( भाजपा) एवं अंकिता तिवारी के मुख्य आतिथ्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्रामोत्सव का आयोजन किया, जिसमे अभियान से संबंधित निर्धारित विषयों की जानकारी प्रदाय दी गई तत्पश्चात जल संचय अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु रैली निकाली गई तथा समस्त ग्रामवासियों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं मेधावी छात्र, प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरुस्कर से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उम्मेद सिंह (प्राचार्य) सविता दुबे, आदर्श पांडे अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुहली, माया गुप्ता, रूपा बर्मन, शिवकुमार चौधरी कार्यक्रम अधिकारी, बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल, ललिता पांडे, आशा पाठक सहित शिक्षण संस्थान के समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

---

## नगर निगम कार्यालय में मंगलवार से आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर वासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल की प्रेरणास्त्रोत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में अब आगामी मंगलवार 27 जनवरी से नगर निगम कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

महापौर जनसुनवाई के दौरान नागरिक शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं सहित अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं, जैसे स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, संबंधी शिकायतें एवं अन्य नगर निगम से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रस्तुत कर सकेंगे।

इस संबंध में उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाएगा तथा शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा भी की जाएगी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने कहा कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। जनसुनवाई के माध्यम से जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी और शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।नगर निगम प्रशासन की इस पहल का शहरवासियों ने स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सकेगा।

---

#### वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने कार्यवाही नहीं होने पर कोर्ट में लगाएंगे याचिका

## फर्जी आवेदन के माध्यम से मतदाता सूची से नाम कटवाने के मामले में कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुड़वारा विधानसभा की मतदाता सूची से फर्जी व कूट रचित आवेदन देकर अवैधानिक रूप से नाम काटने की प्रकिया में एक और नया मोड़ आ गया है, जिसके अनुसार ईश्वरीपुरा वार्ड के मतदान केन्द्र से पार्षद अजरा शाहीन एवं उसके परिवार सहित 300 से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटने का आवेदन किसी प्रतीक बर्मन व अन्यों के नाम से दिया गया है। यह आवेदन कन्ट्रोल रुम के माध्यम से वार्ड के बी.एल.ओ. तक पहुंचे हैं।

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा प्रेसवार्ता के माध्यम से मतदाता सूची से नाम कटाने की फर्जी कार्यवाही उजागर करने एवं इस संबंध में साथियों सहित जिला निर्वाचन अधिकारी / कलेक्टर को ज्ञापन देने



की बाद प्रशासन सतर्क हो गया है और ऐसा पता चला है कि अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देश पर बी.एल.ओ. को कहा गया है कि उन्हें नाम कटवाने के दिये गये फार्म, बिना कार्यवाही के वापिस कर दिये जावे।

ईश्वरीपुरा वार्ड से संबंधित ऐसे फार्म वापिस लेने हेतु तहसीलदार श्री श्रीवास्वत एवं सुपरवाईजार विवेक श्रीवास्तव, पुरवार पुत्री शाला पहुँचे। इसकी जानकारी मिलते ही मिथलेश जैन अपने साथी रमेश सोनी, दानिश अहमद, गुलाम जाफर, मोहसिन खान सहित वहाँ पहुँचे और उन्होंने मांग की कि सबसे पहले आपत्तिकर्ता प्रतीक बर्मन को बुलाया जावे क्योंकि प्रतीक बर्मन के अनुसार वह पिछले 06 महीनों से बाम्बे में नौकरी कर रहा था तथा एक दिन पहले ही वह ग्राम पहाडी पहुँचा है। उसके द्वारा ईश्वरीपुरा वार्ड की पार्षद अजरा शाहीन का वह अन्य मतदाताओं का नाम काटने हेतु कोई आवेदन नहीं दिया है। मिथलेश जैन द्वारा यह भी मांग की गई है कि चूँकि बी.एल.ओ. को आवेदन प्राप्त हुए हैं. ऐसी स्थिति में पंचनामा बनाकर जांच की जाना चाहिए ताकि सत्यता सामने आ सके और झूठा आवेदन डलवाने वालों के विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज करने की मांग की गई। इस पर तहसीलदार द्वारा बी.एल.ओ. को निर्देश दिये गये कि फार्मों की जाँच की जाये और कार्यवाही की जाये।

मिथलेश जैन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की गई है कि समय सीमा के अंदर पूरे विधानसभा में दिये गये आपत्ति आवेदनों के आपत्तिकर्ताओं को बुलाकर उनसे पूछताछ की जाये और जिन भी व्यक्तियों द्वारा फर्जी कार्यवाही करते हुए पात्र मतदाताओं के नाम काटने हेतु आवेदन दिये गये हैं, उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जावे अन्यथा वे म.प्र हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सी.बी.आई. से जाँच की मांग करेंगे ।

---

#### निगम कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग

## वेस्ट टू आर्ट एंड थ्री आर प्रैक्टिस विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था ₹हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट हाईफीड द्वारा निगम कार्यालय में स्व सहायता समूह का एक दिवसीय₹ वेस्ट टू आर्ट एंड थ्री आर प्रैक्टिस विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सिटी मिशन मैनेजर यश रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के आरंभ में हाईफीड संस्था के प्रतिनिधि संदीप सोनी ने प्रतिभागियों को थ्री आर की आवश्यकता क्यों पड़ी, इससे क्या लाभ है, इसका क्रियान्वयन कैसे



किया जाता हैं,इत्यादि बातों की ओर प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया गया। थ्री आर प्रैक्टिस में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि वें अपना सहयोग कैसे कर सकते हैं। थ्री आर के क्रियान्वयन से पर्यावरण पर क्या असर होता हैं।

रियूज में क्या, क्या करेंगे और कचरे के रिसाइकल में अपनी भूमिका कैसे कर सकती हैं आदि की जानकारी से विस्तार पूर्वक उदाहरण सहित समझाया गया। प्रतिभागियों को कूड़ा और कचरे में क्या अंतर होता हैं, कचरा कितने प्रकार का होता है बताया गया। कचरे को कम कैसे करना है, कचरे को दोबारा उपयोग कैसे करना है और कचरे को रिसाइकल कैसे किया जाता हैं।

थ्री आर की आवश्यकता क्यों पड़ी, इसका क्रियान्वयन कैसे किया जाता है, इससे क्या लाभ होता हैं, सभी बातें प्रतिभागियों को विस्तार से समझाई गई। इसी मध्य ई कचरे के निपटान से संबंधित एक शार्ट मूवी का भी प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि आपको थ्री आर को अपने जीवन में वास्तविक रूप से अपनाकर आजीविका के साधन खोजने होगें।

संस्था के प्रतिनिधि दर्पण चौबे द्वारा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि कचरे से कला सृजन कर आर्थिक लाभ कमाने के संबंध में आइडिया/टिप्स आपको दिए जाएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि आप अपने द्वारा किए गए प्रोडक्ट का प्रचार प्रसार हेतु सोशल मीडिया गुगल, मिसाओ, अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि प्लेटफार्म पर पंजीयन की जानकारी भी दी गई।

इसके पश्चात संस्था के विषय विशेषज्ञ अंकित द्विवेदी ने कचरे से कला के निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फूलों से अगरबत्ती बनाना, सब्जी मंडी के कचरे से खाद बनाना, घरेलू बेकार सामग्री जैसे प्लास्टिक की बॉटल, गत्ते, थर्माकोल, पुराने अखबार , पुरानी चूड़ी, पुराने कपड़े आदि से आकर्षक खिलौने, सजावट का सामान तैयार करना सिखाया गया] पॉलीथिन,पाउच के कचरे से भी नई वस्तु का सृजन कर वातावरण को शुद्ध रखने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में नगर पालिक निगम के अधिकारी कर्मचारियों, राष्ट्रीय आजीविका मिशन टीम, स्वच्छ भारत मिशन टीम कटनी सहित हाई फीड संस्था के विषय विशेषज्ञ अंकित द्विवेदी, संस्था प्रतिनिधी दर्पण चौबे, संदीप सोनी उपस्थित रहें।

---

## एसपी ने विजयनाथधाम में लगने वाले मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बरही क्षेत्र स्थित विजयनाथ धाम बरही में बसंत पंचमी से महाशिवरात्रि तक आयोजित होने वाले वार्षिक मेले की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मेले परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही के मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, महिला सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

#### सुरक्षा पहली जिम्मेदारी

पुलिस कप्तान ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना कटनी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस बल को पूरी तरह सतर्क एवं अलर्ट मोड में रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना मिलने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112 अथवा नजदीकी पुलिस चौकी/अधिकारी से संपर्क करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी बरही सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खास बातें

## महारास की दिव्यता में डूबे श्रद्धालु, श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह ने रचा भक्तिरस

**बनवार।** धूनी माता मंदिर मोहल्ला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने श्रोताओं को भक्ति, प्रेम और वैराग्य के दिव्य भावों से सराबोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने उधव चरित्र, महारासलीला एवं भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण व सारगर्भित वर्णन किया। कथावाचक ने बताया कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने की निष्काम और पवित्र इच्छा प्रकट की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूर्ण करने का वचन दिया और अपने वचन की पूर्ति हेतु महारासलीला का आयोजन किया। शरद पूर्णिमा की रात्रि यमुना तट पर भगवान के आह्वान पर गोपियां सज-धजकर नियत समय पर पहुंचीं। कृष्ण की मधुर बांसुरी की धुन सुनते ही गोपियां सब कुछ भूलकर श्रीकृष्ण के समीप पहुंच गईं। पं. गर्ग जी महाराज ने स्पष्ट किया कि गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम पूर्णतः वासना रहित, आत्मिक और दिव्य था। महारास के दौरान भगवान श्रीकृष्ण ने ऐसी अलौकिक लीला रची कि जितनी गोपियां थीं, उतने ही श्रीकृष्ण के स्वरूप प्रकट हो गए। प्रत्येक गोपी को अपना प्रिय कृष्ण प्राप्त हुआ और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद का अद्भुत दृश्य साकार हुआ। मान्यता है कि वृंदावन स्थित निधिवन वही पवित्र स्थल है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। कथा के उत्तरार्ध में रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को पराजित कर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका लाकर विधि-विधान से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न किया। इस अवसर पर आयोजक मंडली द्वारा आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें विवाह की समस्त रस्मों का सजीव मंचन किया गया। झांकी को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जय श्रीकृष्ण के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### करोड़ों की सौगात भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

# जबेरा खेल मैदान में घटिया निर्माण का आरोप, सुलभ कॉम्प्लेक्स की स्लिप बैठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर के हाई स्कूल खेल मैदान मैं लगभग एक करोड रुपए की लागत से बन रहे बहु प्रतीक्षित खेल ग्राउंड का निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गया है। होनहार युवाओं की मांग पर क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा दी गई इस सौगात में निर्माण के शुरू आती चरण से ही कथित तौर पर घटिया सामग्री के उपयोग के आरोप लग रहे हैं। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में ही बाउंड्री बाल में ही दरारें पड़ने से हड़कंप मच गया था जिसमें शिकायत के बाद आर आई एस के ई ई मनोज गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था एवं दरार वाली दीवारों को तोड़कर के दुबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए थे निर्देशों के बाद सभी क्रैक वाली दीवारों को तुड़वा दिया गया था लेकिन इसके बावजूद निर्माण एजेंसी की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। बाउंड्री बाल के बाद अब सुलभ कांप्लेक्स निर्माण में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं आरोप है कि ठेकेदार ने बिना बेस तैयार किये ही सीधे स्लिप की ढलाई कर दी गई जिसके चलते बल्ली बैठने से स्लीप भी नीचे की ओर झुक गई है यह स्थिति बच्चों एवं खिलाड़ियों की सुरक्षा के साथ बड़ी खिलवाड़ मानी जा रही है सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस खामी को भी तोड़कर के दोबारा सही तरीके से बनाया जाएगा या केवल छपाई कर लीपा पोती कर मामले को दवा दिया जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करेगा। जानकारी की अनुसार इतने बड़े निर्माण कार्य में एसडीओ शिवजी गोंड कभी कभार निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं लेकिन रोजाना की निगरानी के लिए कोई भी उप यंत्री मौके पर मौजूद नहीं रहता है पूरा कार्य ठेकेदार के भरोसे ही छोड़ दिया गया है जिससे गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है इसी बीच एसडीओ शिवाजी गोंड ने खेल के मैदान पहुंचकर के शौचालय की स्लिप का निरीक्षण किया और निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जताई उन्होंने ठेकेदार को स्लिप तोड़कर के दोबारा नियमानुसार निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन वास्तव में सख्त कार्यवाही करता है या फिर करोड़ों की योजनाओं को कागजों और दिखावे तक ही सिमट कर रह जाएगी ।स्थानीय नागरिकों और युवाओं की निगाहें अब प्रशासन की अगली कार्यवाही पर टिकी हुई है।

### हजारों की तादाद में दर्शकों ने देखा रोमांचक मुकाबला...

# क्रिकेट टूर्नामेंट में एनएस हटा बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगर के खेल इतिहास में एक नया अध्याय शनिवार को उस समय देखने को मिला जहां बीटीआई ग्राउंड पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल खिताबी मुकाबला पटवारी इलेवन दमोह एवं एन एस क्रिकेट क्लब हटा के दिग्गजों की रणभूमि के बीच खेला गया। फाइनल मैच में एनएस हटा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 ओवर में 162 का लक्ष्य दिया जिसमें पटवारी इलेवन दमोह लक्ष्य का पीछा करती हुई 92 सिमट गई एनएस हटा टीम ने दमोह पटवारी टीम को पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन एनएस हटा की सधी हुई बल्लेबाजी और प्रभावशाली गेंदबाजी के सामने पटवारी इलेवन दमोह की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। जीत के साथ ही मैदान में मौजूद दर्शकों को रोमांच देखने को मिला। फाइनल मुकाबले के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एनएस हटा एवं उपविजेता पटवारी इलेवन दमोह की टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के खेल भाव और अनुशासन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर हटा विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व मंत्री राजा पटेरिया, जन नेता पुष्पेंद्र सिंह हजारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, संदीप राय, केके वर्मा, सुनील राय, रामनाथ राय, सुरेंद्र अग्रवाल, राजू सोनी, राजेश यादव, आयोजक मंडली इमरान बजाज आकिब खान अकील बाबा सोनू बाबा खेल प्रेमियों, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## आजाद भारत पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम एसडीएम पथरिया को जनहित की समस्याओं का लेकर ज्ञापन सौपा गया जिसमें जिलें के तेंदूखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत व्यारमा नदी पर बना झापन घाट पर ओवरब्रिज का स्लेप बाढ़ में बह जाने के कारण स्टेट हाईवे 21 पर पिछले 6 माह से आवागमन पूर्ण रूप से बंद है कृपया सुधार कार्य, तेज रफ्तार के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, विगत वर्ष बारिश में हुई अतिवृष्टि के कारण पथरिया क्षेत्र में मकान व दुकानों के नुकसान आवेदनों में अभी तक आर्थिक सहायता नहीं दी गई सहायता का लाभ दिलाए जावें। ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव,प्रवक्ता डी.पी बौद्ध, प्रदेश अध्यक्ष प. सरला चौबे अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



दमोह जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा के अंतर्गत आने वाले नोहटा नगर स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध नो हलेश्वर मंदिर प्रांगण में आगामी नोहलेश्वर महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री के कार्यालय नोहटा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह महोत्सव 5 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक अनवरत आयोजित किया जाएगा बैठक में स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की गरिमा में उपस्थिति रही इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, प्रशासनिक अमला ,एवं आयोजन से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान महोत्सव की संपूर्ण रूप रेखा, कार्यक्रमों की व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात ,स्वच्छता, विद्युत ,पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री लोधी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से पूर्ण की जाए उन्होंने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः तैयारी में किसी भी प्रकार की को ता ही न वरती जावे । जानकारी के अनुसार दिनांक 5 फरवरी को मेले का विधिवत शुभारंभ किया जावेगा। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ देश के प्रख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बैठक के अंत में मंत्री महोदय के द्वाराआयोजन को भव्य दिव्य एवं सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की निर्देश दिए गए।

## गौरी भट्ट को मिला स्वर्ण पदक



**दमोह।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय जिला छतरपुर के पंचम दीक्षांत समारोह 2026 में गौरी भट्ट द्वारा बी.ए. आनर्स परीक्षा 2025 में प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिनांक 23 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल मंगु लाल पटैल (म.प्र.शासन भोपाल) द्वारा स्वर्ण पदक एवं बैचलर आफ आर्ट्स (ऑनर्स) की उपाधि प्रदान की गई है। आप वर्तमान में डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय जिला दमोह मे अध्यापन कर रही है। आपके पिता अभय भट्ट पेशे से शासकीय शिक्षक है। इस उपलब्धि पर सभी के द्वारा शुभकामनाएं दी एवं आप के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**तेन्दूखेड़ा।** शनिवार को अमर वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में जेंडर क्लब के माध्यम से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया जेंडर क्लब की प्रभारी डॉक्टर दीपिका दुबे द्वारा इस कार्यक्रम को इस कार्यक्रम को संचालित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर ने अपनी उद्बोधन में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति अपने अधिकारों की प्रति कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील गिरी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपना उद्बोधन दिया डॉक्टर संध्या स्थापक द्वारा बालिका दिवस पर बालिकाओं को शिक्षित होने से लेकर रोजगार प्राप्त करने तक विभिन्न अवसरों की जानकारी दी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दिया।

# आदर्श की गूंज में स्थापित सत्य, विष्णु का निश्छल स्वरूप: श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह।** एकरूपता के आलोक में भगवान विष्णु का दिव्य उद्घोष आज समसामयिक संदर्भों में उपयोगी है क्योंकि कालचक्र के घूर्णन में जब विचार दिशाहीन होने लगते हैं तब समाज की चेतना बिखरती हुईं प्रतीत होती है, तब भारतीय सनातन परंपरा एक ऐसे तत्त्व का स्मरण कराती है जो भिन्नताओं को नहीं बढ़ाता, अपितु उन्हें एक दिव्य सूत्र में पिरो देता है। वही तत्त्व एकरूपता मैं समाहित हैं और उसी एकरूप चेतना का साकार नाम है भगवान विष्णु जिसका स्वरूप केवल वैकुण्ठ की शोभा नहीं, वह लोकजीवन की अंतर्धारा है। जहाँ सत्य नीति बनकर प्रवाहित होता है, जहाँ आदर्श आचरण में ढलते हैं और जहाँ प्रेम किसी स्वार्थ का दास नहीं रहता बल्कि मौन होकर सक्रिय हो उठता है। वे न किसी पक्ष का समर्थन करते हैं, न किसी वर्ग का विरोध; वे तो धर्म की समता धुरी पर स्थित होकर समस्त सृष्टि को संतुलन प्रदान करते हैं यह उद्गार श्री भगवान वेदांताचार्य के विष्णु अवतार के संदर्श में कहें गए जिसमें सामाजिक पुनर्संरचना के युगांतकारी घोष के रूप में प्रतीत होते हैं। रामावतार में मर्यादा और सत्य एक होकर चरित्र बन जाते हैं जहाँ राजसिंहासन से अधिक मूल्य वचन का होता है। कृष्णावतार में नीति, प्रेम और कर्म का ऐसा त्रिवेणी-संगम दिखाई देता है, जिसमें गीता का गंभीर उपदेश भी है और ब्रज की रसधारा भी दोनों भिन्न नहीं, बल्कि एक ही आत्मतत्त्व की दो ध्वनियाँ हैं। यही विष्णु की अलौकिक विशेषता है वे विरोध नहीं रचते, वे समन्वय रचते हैं। प्रह्लाद की रक्षा में प्रकट हुआ उग्र नृसिंह भी करुणा की ज्वाला है, और गजेन्द्र की आर्त पुकार पर दौड़ा हुआ विष्णु भी न्याय का ही विस्तार है। यहाँ दंड और दया परस्पर विरोधी नहीं, अपितु धर्मरूपी सूर्य की किरणें हैं। लक्ष्मी विष्णु का अमर संयोग इस एकरूप दर्शन की सर्वोच्च व्याख्या है। लक्ष्मी जब विष्णु के वक्षस्थल पर विराजती हैं, तब वह प्रेम का घोष बन जाती है जहां समृद्धि शोभा पाती है द्य जब धर्म के हृदय से आलिंगित हो भक्ति निश्छल बनी वैभव यदि विवेकविहीन हो जाए तो अहंकार बनता है, और विवेक यदि वैभव से वंचित हो जाए तो समाज दुर्बल हो जाता है । विष्णु इन दोनों के मध्य संतुलन का नाम हैं। क्षीरसागर की शेषशय्या पर स्थित विष्णु का शांत स्वरूप यह उद्घोष करता है कि निश्चल प्रेम वही है जो उथल पुथल में भी स्थिर रहे। वह प्रेम जो परिस्थितियों से विचलित न हो, जो संकट में भी करुणा का दीप बुझने न दे कृ वही विष्णु-प्रेम है, वही लोकमंगल का आधार है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि भगवान विष्णु केवल आराध्य मूर्ति नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन हैं। वे सिखाते हैं कि सत्य यदि प्रेम से विहीन हो जाए तो कठोर बनता है, आदर्श यदि करुणा से अलग हो जाए तो बोझ बनता है किंतु जब सत्य, आदर्श और प्रेम एक-दूसरे में विलीन हो जाते हैं, तब वही धर्म समाज की आत्मा बन जाता है। आज के संक्रमणकालीन समाज के लिए विष्णु तत्त्व का यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है भक्ति की भावना से विष्णु ही सर्वत्र प्रतिष्ठित रहते हैं । यज्ञ नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विष्णु पुराण में श्रद्धा से समलंकृत जन प्रतिनिधि बड़ चढ़ कर भाग ले रहे।

# बालिका दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**हटा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय हटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें न्यायालय से अधिवक्ता श्री कपिल देव सिंह,महाविद्यालय प्राचार्य श्री मुकेश अहिरवार तथा महिला बाल विकास से प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्पिता नाथन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एनएसएस के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । बालिकाओं द्वारा बुंदेली गीत के माध्यम से महिलाओं के प्रति जागरूकता लाने का कार्य किया गया एवं भाषण के माध्यम से महिलाओं के अधिकार के विषय में जानकारी दी गई । उपस्थित बालिकाओं के मध्य गायन एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शिवानी राय, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रूबी खान, सारिका अग्रवाल, संध्या साहू, संगीता कुर्मी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# जहां अहंकार टूटा, वहीं प्रकट हुए महादेव ब्रह्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बम्होरी मानगढ़ ग्राम में आयोजित शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर कर दिया। कथा स्थल पर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कैलाश पर्वत से स्वयं भगवान शिव की करुणा और ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित हो रही हो। कथाव्यास आशीषकृष्णचरणानुरागी, जिन्हें श्रद्धालु प्रेमपूर्वक आशीष गुरु महाराज के नाम से स्मरण करते हैं, ने शिव महापुराण के पावन प्रसंगों का ओजस्वी और भावप्रवण शैली में दिव्य वर्णन किया। उन्होंने प्रथम दिवस की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि जब ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, तब भगवान शिव अनंत ज्योतिर्लिंग रूप में प्रकट हुए। इस दिव्य प्रकाश स्तंभ ने यह बोध कराया कि महादेव ही सृष्टि के आधार और सर्वोच्च सत्य हैं। यह प्रसंग अहंकार के त्याग और शिव तत्व की महिमा का प्रतीक है। कथा के क्रम में गुरु महाराज ने सदाचार को जीवन की सर्वोच्च साधना बताते हुए कहा कि भगवान शिव केवल बाह्य पूजन से नहीं, बल्कि शुद्ध आचरण और निर्मल मन से प्रसन्न होते हैं। सत्य, संयम, करुणा और विनम्रता को शिव तत्व का मूल आधार बताया गया। नारद मोह प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देवर्षि नारद जैसे महान भक्त भी जब क्षणिक मोह और अहंकार में आए, तो शिव लीला से उन्हें आत्मबोध प्राप्त हुआ। यह प्रसंग भक्ति के साथ विवेक और ज्ञान के साथ विनय का महत्व दर्शाता है। शिवलिंग महिमा का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने शिवलिंग को सृष्टि की चेतना और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का दिव्य प्रतीक बताया। इस दौरान पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और शिव नाम के संकीर्तन से बम्होरी ग्राम पूर्णतः शिवमय हो गया। यह आयोजन अब केवल कथा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण और सांस्कृतिक चेतना का महापर्व बन चुका है।

# छात्र-छात्राओं को कराई गई सिंगौरगढ़ किला व तालाब की सैर

### प्रकृति व वन संरक्षण का बताया गया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



जिले के सिंग्रामपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत शुक्रवार एवं शनिवार को 'अनुभूति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किला एवं तालाब उसके सहित आसपास के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया एवं शनिवार को दानी ताल तालाब के आस पास के प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को वन संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। औषधीय पौधों, कीमती लकड़ियों, जंगली जीव-जंतुओं, जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। छात्र-छात्राओं ने भी जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया।

कार्यक्रम में सिंगरामपुर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा के प्रतिभागी विद्यार्थियों को सिंगौरगढ़ रेंजर एजाज कुरैशी ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पर्यटन, वन, वन्यजीव संरक्षण एवं पौधरोपण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ दुर्ग के जलाशय तट पर आयोजित यह अनुभूति कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव बना। कार्यक्रम में प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा सहित शिक्षक निधि जैन, रानी ठाकुर, नंद किशोर वाजपेई, पवन राय, शैलेन्द्र सेन, निशा नागपुरे,अशोक कुशवाह, रामू कुमार वर्मा, की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही परिक्षेत्र वनाधिकारी एजाज कुरैशी, डिप्टी रेंजर हरलाल रैकवार, डिप्टी रेंजर लईक शहजाद,बीट प्रभारी विनोद कुमार दंडोतिया, बीट प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान,सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,नीरज जायसवाल कालू जैन,मोंटू वाजपेई, डॉ पंकज चौबे जी पशु चिकित्सक जबेरा,भोला सेन,प्रकाश चंद्र धुर्वे सरंपच,अमर सिंह ठाकुर समिति अध्यक्ष,फूल सींग ठाकुर समिति अध्यक्ष एलबर्ट ब्राउन बीट प्रभारी, एवं मास्टर ट्रेनर बी एल रोहित (राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित) सहित समस्त वन अमले की सराहनीय भूमिका रही एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा। अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा तथा समाज में इसके महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान अंतर्गत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां





ग्राम पंचायत भवन हिनोता कला मे ग्रामोदय से अभ्योदय मध्यप्रदेश अभियान अन्तर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह की सहयोगी नवाकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा द्वार किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रो के समक्ष मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत हिनोता कलां की सरपंच श्रीमती शिवानी पटेल , सरपंच प्रतिनिधि श्री विक्रांत पटेल , श्री वीर सिंह राजपूत शिक्षक पी ,एम श्री , श्रीमती पुष्पा सिंह जी विकास खण्ड समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड हटा , श्रीमती निधी सिंह राजपूत , पं दिनेश दुबे , धर्मेन्द्र सिंह चौहान , कृष्ण कान्त लखेरा,श्रीमति ललित किशोरी सेन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,श्रीमति ऊषा नामदेव ,ग्राम पंचायत सचिव श्री अनिल अहिरवार एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विकास खण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद विकास खण्ड हटा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान मध्यप्रदेश शासन के दो बर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 12 जनवरी से दिनांक 26 जनवरी तक मध्यप्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में जन अभियान परिषद के माध्यम कार्यक्रम आयोजित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जन मानस तक पहुंचानें एवं इसके साथ दिनांक 12 जनवरी से दिनांक 31मार्च तक संकल्प से समाधान योजनाओ से संबंधित विभागो के माध्यम से किया जाना है। कार्यक्रम में ग्राम हिनोता कलां में गए सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने मां कलेही गौ सेवा समिति के स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं शासकीय पी, एम श्री विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिनोता कलां के छात्र/छात्र छात्रों को परीक्षा में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त करने पर मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के कार्यक्रम समन्वयक नीलेश अवस्थी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन संस्था संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा किया गया।

## खास बातें

### आज होगी प्रोग्रेसिश पेन्सनर्स एसोशिएसन की तहसील शाखा की बैठक

**तेंदूखेड़ा।** दोपहर तीन बजे से डाक्टर जेपी खरे की अस्पताल में प्रोग्रेसिश पेन्सनर्स एसोशिएसन की तहसील शाखा की बैठक आयोजित की जाएगीं। जिसमें प्रान्तीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रधान मंत्री के नाम विभिन्न समस्याओ के निराकरण के लिए 26 जनवरी को एसडीएम को ज्ञापन सोपा जाएगां। बैठक में पेन्सनर्स की समस्याओ को लेकर विभिन्न विन्दुओ पर चर्चा की जाएगी। तहसील अध्यक्ष ओपी अवस्थी ने सभी पेन्सनर्सो से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### सिमी जैन को मिला गोल्ड मेडल




**तेंदूखेड़ा।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में तेंदुखेड़ा के गल्ला व्यापारी मुन्नालाल जैन की बेटी सिमी जैन ने एमए समाजशास्त्र में महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल हाथो से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धी के लिए परिवार सहित नगरवासियों ने मुन्नालाल जैन को वधाई दी है। साथ ही वेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, कुलगुरु राकेश सिंह, रजिस्ट्रार सहित कई बड़ी संख्या में राजनैतिक लोगो के अलावा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 25 जनवरी से

**दमोह।** बटियागढ़ स्थित श्री शिव मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित श्री संजय शास्त्री के मुखारबिंद से होगा। आयोजन की शुरुआत श्रीमद्भागवत कथा उपरांत विधिवत हवन-पूजन, भंडारा प्रसाद का आयोजन प्रस्तावित है।

### मीसाबंदी गजाधर चौरसिया पंचतत्व मे विलीन

#### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया अंतिम संस्कार



**हिंडोरिया।** मुख्य बाजार क्षेत्र वार्ड नंबर 11 में रहने वाले मीसाबंदी लोक तंत्र सैनानी 90 वर्षीय गजाधर प्रसाद चौरसिया का निधन रात्रि में हो गया । उन के निधन पर शासन- प्रशासन एवं पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम बिदाई दी। ये लंबे समय से बीमार होने के चलते उनका निधन हो गया। सूचना मिलने पर शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने सार्वजनिक मुक्ति धाम पहुंच कर राजकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दे कर उन के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर अंतिम बिदाई दी । मीसा बंदी के बड़े पुत्र शिवकुमार चौरसिया, कमलेश चौरसिया, भरत चौरसिया आदि के व्दारा उनका दाह संस्कार किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार प्रीतमसिंह , आर आई दिनेश गोस्वामी , टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, पुलिस जवान सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे । सभी के व्दारा मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नवजात बेटे के साथ मां का शव कुएं में उतराता मिला

**17 दिनों पहले भी इसी वार्ड में एक दमपत्ति ने अपनी बच्ची के साथ फांसी के फंदे पर लटकर दी थी जान**

### तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड एक का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के वार्ड क्रमाक 1 केबट मोहल्ला में फिर एक दिल दहलाने बाली घटना घटित हो गई। एक महिला ने तीन माह के अपने बच्चे के साथ वार्ड में ही निर्मित कुआ में कूंदकर अपनी जान दे दी है। इसी वार्ड में लगभग 17 दिनो पहले एक केबट समाज की दमपत्ति ने अपनी बच्ची के साथ अपने ही घर मे फांसी के फंदे पर लटके मिले थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झरौली गांव निवासी 35 वर्षीय जयंती पति दुर्गा केवट और उसके तीन माह के बेटे देवांश का शव शनिवार की सुबह कुआ मे उतराता हुआ लोगो को दिखाई दिया था। जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी, प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी, रवि सेन, आरक्षक विशाल बेन, नीरज नामदेव सहित नगर परिषद का स्टाफ मौके पर पहुंचा और शवों को कुएं से बाहर निकाला गया और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज गया। घटना का कारण अभी अज्ञात है और पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की गहनता से



जांच कर रही हैं।

#### पांच साल से बीमार थी महिला

मृतिका का पति एक मजदूर है बताया जा रहा है कि महिला पिछले पांच साल से बीमार थी और उसके दो बच्चों की पहले भी मौत हो चुकी है। महिला के 5 साल से बीमार होने के कारण परिजनो ने अनेक स्थानो पर भी झाड फूक कराई थी जिसके बाद भी महिला को आराम नहीं हुआ था। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है मृतिक की दादी सिया रानी ने बताया कि वह अपने भाई अभिषेक केबट जिसकी बीमारी के कारण मौत हो गई थी जिसकी तेरहवीं में शामिल होने आई थी। जयंती केवट रात 2 बजे घर से लापता हो गई थी जहां परिजनों ने गांव बस्ती में रहने वाले समाज के रिश्तेदारों से खोज-खबर ली लेकिन कोई पता नहीं चला सुबह 6 बजे घटना की सूचना लोगों द्वारा दी गई। लोगों ने बताया कि महिला पिछले 5 साल से बीमार थी, जिसका इलाज चल रहा था। कुछ स्थानों पर जाकर झाड़फूंक भी कराई थी। महिला रात में उठकर चिल्लाने लगती थी। लगातार इलाज के बाद कुछ सुधार नहीं हो रहा था। मृतक महिला के पति दुर्गा केवट ने बताया कि कल ही जयंती को तेजगढ़ ने समीप फूलनदेवी माता के मंदिर ले कर गए थे लेकिन कोई आराम नहीं लगा। हम लोगो की शादी 10 साल पहले हुई थी। पहले झरौली गांव में रहते थे। तेरहवी में आई थी और यहीं रूकी हुई थी। लेकिन हम लोग 7 महीने से बैलढाना गांव में रहते हैं क्योंकि झरौली गांव में घर बन रहा था जिसका काम अभी अधूरा पड़ा है मेरा एक मकान बैलढाना गांव में भी है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा महिला और नवजात बच्चे का शव परिजनों के सुपुर्द किए गए जहां परिजन दोनों के शवों को लेकर बैलढाना गांव पहुंचे जहां पर परिजनों और समाज के लोगों द्वारा महिला का अंतिम संस्कार किया गया और नवजात बच्चे को दफनाया गया गांव में जब महिला और तीन माह के नवजात बच्चे की एक साथ अर्थी निकली तो माहौल बेहद भावुक हो गया बड़ी संख्या में समाज और अन्य समाज के लोग शामिल थे हर कोई इस इस घटना से स्तब्ध था लोगों की आंखों में आसूं थे और जुबान पर कई सवाल थे वहीं क्षेत्र में 17 दिन बाद दूसरी घटना घटित होने से हर शख्स की आंखें नम थी लोगों ने बताया कि इस तरह की घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है बैलढाना गांव और केवट मोहल्ले में रहने वाले कई परिवार में चूल्हा तक नहीं जला क्योंकि केवल मोहल्ले में और समाज में पहली बार लगातार इसी तरह की दो घटनाएं हो चुकी है।

#### जबलपुर में चल रहा था इलाज

तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया की एक महिला और उसके बेटे का शव कुएं में मिला है। महिला की पहचान जयंती केवट के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि महिला रात में घर पर थी सुबह लापता हुई और खोजबीन के बाद उसका शव कुएं में मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने यह भी बताया है कि महिला बीमार रहती थी, जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था। झाड़ फूंक भी उन्होंने कराई है लेकिन घटना का कोई स्पष्ट कारण निकलकर सामने नहीं आया जांच के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

# 14 फरवरी तक चलेगी नोटिस व सुनवाई प्रक्रिया, 21 फरवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

### 7200 नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी मामलों में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने राजनैतिक दलो एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में बताया कि एसआईआर (Special Intensive Revision) की प्रक्रिया द्वितीय चरण में लगातार जारी है। दावे-आपत्तियों की अवधि 22 जनवरी को समाप्त हो चुकी है और अब नोटिस जारी करने एवं सुनवाई का चरण चल रहा है, जो 14 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में आज सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, संबंधित अधिकारियों, ईआरओ एवं एईआरओ की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आयोग के निर्देशों की विस्तार से जानकारी देना तथा आगे की प्रक्रिया को स्पष्ट करना रहा। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया था। इसमें जिले में लगभग 7200 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। इन सभी मतदाताओं को नोटिस जारी कर अलग-अलग सुनवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि कम्प्यूटराइज्ड जांच के दौरान मतदाता सूची में कुछ लिपिकीय त्रुटियाँ एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी सामने आई हैं। ऐसे मामलों में भी संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी कर संक्षिप्त सुनवाई की जाएगी और 14 फरवरी से पहले निर्णय ले लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से जुड़े मामलों में सुनवाई गाँव या वार्ड स्तर पर जाकर की जाएगी, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवश्यक प्रमाण लेकर त्रुटियों को सुधार किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी मतदाताओं से सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से जुड़े मामलों में सहयोग मिलने से 21 फरवरी को जारी होने वाली अंतिम मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूची में हर पात्र मतदाता का नाम शामिल होगा और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में नहीं रहेगा।

## डॉक्टर आकाश दुबे का नीट सुपर स्पेशलिटी टेस्ट डीएम में चयन

**दमोह।** जिले के प्रतिष्ठित परिवार के होनहार डॉक्टर आकाश दुबे का चयन एमबीबीएस एम डी के उपरांत नीट सुपर स्पेशलिटी टेस्ट डी एम हेतु



चुना गया है आपका ऑल इंडिया में 500बा रैंक हासिल कर यह सफलता कड़ी मेहनत के बाद प्राप्त की है। आपकी इस सफलता पर आपके माता-पिता गुरु जन शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बधाई देने वालों में पं दिनेश प्यासी, शकील खान, गोविंद गुरु, वीरेंद्र ठाकुर, मनीष भट्ट, संजू चौरसिया, अनुज सचदेव, संतोष गौतम, आजम खान आदि शामिल हैं। ज्ञात हो आप गढ़ाकोटा तहसीलदार पंडित महेश दुबे के सुपुत्र हैं।

## सांसद निधि से निर्मित नवीन भवन के लोकार्पण आज

**दमोह ।** 25 जनवरी को दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी प्रातः 10:30 बजे जिला सत्र न्यायालय, दमोह में सांसद निधि से 18 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत सांसद श्री लोधी दोपहर 12 बजे से वैशाली नगर स्थित कार्यालय B-3, दमोह में उपस्थित रहेंगे।

# विकास की बाट जोह रहा जबेरा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जबेरा के विकास के संबंध में आवाज उठाई। उन्होंन कहा कि क्या जबेरा नगर इसी तरह अपनी दिशा - दशा पर आंसू बहाता रहेगा। क्या जबेरा नगर पंचायत की घोषणा मात्र घोषणा ही रह जावेगी। ज्ञात हो कि वर्तमान में संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जबेरा जो की एक स्वतंत्र विधानसभा क्षेत्रभी है तथा दमोह जिले की प्रमुख तहसील भी है जिसे नगर पंचायत बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी घोषणा कर चुके हैं। परंतु आज दिनांक तक प्रशासन के द्वारा ऐसा कोई भी कार्य या आदेश प्रसारित नहीं किया गया है जिससे यह समझा जावे की वर्तमान एवं पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा पूर्ण की जावेगी। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि आजादी के बाद से लेकर आज तक जबेरा ग्राम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है जिसका मुख्य कारण यह है कि आज तक किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा जबेरा के किसी भी नागरिक को लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी नहीं बनाया गया है शायद एक कारण यह भी है जिससे इस ग्राम का विकास रुका हुआ है। वर्तमान में विधानसभा जबेरा के वर्तमान विधायक जो की मध्य प्रदेश शासन में मंत्री भी हैं वह जबेरा नगर के लिए कुछ कर पाते हैं या नहीं, कहीं ऐसा तो नहीं कि भाजपा सरकार की पूर्व की घोषणाओं की भांति यह भी मात्र घोषणा बनकर ही ना रह जावे। वर्तमान में इस नगर का प्रत्येक व्यक्ति यह चाहता है कि जबेरा को शीघ्र ही नगर परिषद का दर्जा प्राप्त हो जावे जिससे कम से कम ग्राम में नियमित सफाई व्यवस्था एवं नालियों का बेहतर रखरखाव व मरम्मत हो सके। जिला कांग्रेस कमेटी दमोह उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि यदि मुख्यमंत्री की घोषणा शीघ्र ही पूर्ण नहीं की जाती है तो आने वाले समय में कांग्रेस कमेटी के द्वारा वादा निभाओ रैली निकालते हुए इस जन-विरोधी सरकार के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन किया जावेगा।

# साधु संतों का अपमान करना ओछी मानसिकता

**दमोह।** उप सरकार के प्रशासन के द्वारा शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरा नंद जी को मेले में गंगा स्नान करने से रोकने, उन्हें अपमानित करने एवं उनके साथ साथ साधु संतों के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर जिला युवा कांग्रेस सचिव अरूण दुबे ने कांग्रेस जनों एवं ब्राम्हण समाज के साथ महामहिम राष्ट्रपति को दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का दोहरा चरित्र है जिसका उदाहरण है गंगा स्नान करने से साधु संतो को रोकना, उन्हें अपमानित करना। शासन प्रशासन की हठधर्मिता दर्शाती है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष



रतनचंद जैन, मनु मिश्रा उप्र शंकराचार्य जी से शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांग रही है जबकि देश के पी.एम. आपकी मेट्रिक शिक्षा का तो प्रमाण दे नही पाये। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल सिंह, जिला युवा कांग्रेस सचिव अरूण दुबे ने कहा कि बृद्वंत 12 से 13 वर्ष के वटुक संत की शिखा पकड़कर खींचकर उनके साथ अभ्रद्र व्यवहार किया गया जिससे देश की धार्मिक भावनाये आहत हुई। वीरेन्द्र दबे, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, तिलक सिंह, बबलू भट्ट, रोहन पाठक, अमित बुधौल्या, मुख्तार जाफरी, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, मंजीत यादव, पप्पू कसोटया, शरद मेहता, धन सिंह, खिल्लू ठाकुर, पप्पू कुशवाहा, मदन सुमन, अजय जाटव, प्रवेन्द्र चन्द्राकर ने भी नारेबाजी करते हुए साधुसंतो का अपमान करने वालो में संलिप्त दोषी अधिकारियों कर्मचारियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने के आदेश उप्र सरकार को दिये जाये अन्यथा हम सब पुनः आंदोलन को मजबूर होगें। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, वीर सिंह, रोहित सिंह, वीर पटेल, अरविंद सिंह, नीलेश महेन्द्र राजा खान सहित अनेको कांग्रेसजनों एवं ब्राहाण समाज के व्यक्तियों की उपस्थिति रहीं।

# परीक्षा हेतु धैर्य जरूरी- सिद्धार्थ मलैया

### परीक्षा पे चर्चा पर हुआ सफल कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वार्षिक परीक्षा में सफलता हेतु कड़ी. मेहनत व परिश्रम जरूरी है। जीवन में धैर्य बहुत आवश्यक है उक्त आशय के विचार विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया ने व्यक्त किये। वे स्थानीय एम.एल.बी स्कूल दमोह में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद अर्चना जैन ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन, कलम दवात पूजन एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन एवं नृत्य की प्रसुति दी।



विशिष्ट अतिथि पारस जैन व डॉ एल.सी. जैन ने छात्रों को प्रेरणा प्रदान की। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने आयोजन के प्रयोजन की भूरी-भूरी सराहना की और कहा कि छत्र जीवन से ही नागरिक और देश का निर्माण संभव है। आप आने वाले कल का भविष्य है। ईश्वर ने सबकों अपना अपना टेलेंट दिया है। अर्चना जैन ने छात्रावर्ग को अपने प्रेरक संबोधन से नवीन उत्साह व ऊर्जा का संचार किया और कहा कि प्रातःकाल जल्दी उठना और पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों को, आज से मोबाइल से दूरी का संकल्प लेना है कार्यक्रम भूरी भूरी सराहना की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप जैन शिक्षक ने किया। राष्ट्रपति पुरुस्कृत प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने संस्था के शत-प्रतिशत परिणाम लाने का वचन दिया और आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धा सुमन व्यक्त किये गए कार्यक्रम में एक हजार से अधिक विद्यार्थी, छात्राएं उपस्थित थी।

# गीतों व खेल प्रतियोगिताओं ने बांधा समां



**दमोह।** बुंदेली संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण को समर्पित बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली महोत्सव 2026 के नौवें दिन सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों की धूम रही। इस अवसर पर 80 और 90 के दशक के सदाबहार गीतों पर महिलाओं द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की प्रभारी रजनी खरे रहीं। कार्यक्रम में मेले में संरक्षक में डॉ. सुधा मलैया विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। इसी क्रम में स्वर श्री प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. स्वाती गौर के निर्देशन में किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज़ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत खेमचंद अठ्या द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गणेश वंदना से की गई। दोपहर के सत्र में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें शिव शिशु विद्यालय, सेंट नॉरबर्ट स्कूल, रामकुमार स्कूल एवं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कांच-चिरंगा, बैलेंस दौड़, बोरा दौड़ एवं लंगड़ी दौड़ शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। आज होगा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बुंदेली महोत्सव के अंतर्गत आज मेले में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागि होंगे । मेले के प्रभारी न्यासी मोहित संगतानी ने समस्त नगरवासियों से बुंदेली महोत्सव में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाएं हुई पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

विद्यालय को मंदिर और कर्म को धर्म मानने वाले शिक्षकों से ही विद्यालय से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उदय होता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पीएमश्री कन्या हाई स्कूल पटेरा में पदस्थ शिक्षक श्री प्रमोद परोहा द्वारा बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं को प्रीबोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने एवं सफलता प्राप्त करने के लिए सभी परीक्षाओं के परिणाम स्वरूप पुरस्कृत किया। एस.आई.आर. और (जिला पंचायत सदस्य कुम्हारी) पेपरलेस निर्वाचन में मास्टर ट्रेनर रहते हुए अन्य कार्यों के साथ उन्होंने बच्चों को नियमित गणित का अध्ययन कराया जिससे बच्चों में गणित के प्रति रुचि एवं लगन जाग्रत हुई । विगत वर्ष भी अर्धवार्षिक एवं प्री बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कक्षा दसवीं की 11 छात्राओं को शिक्षक प्रमोद परौहा द्वारा एग्जाम बोर्ड का वितरण किया गया था । जिस कारण प्रोत्साहन स्वरूप सभी बालिकाओं ने 88% से 92% अंक प्राप्त किए थे । वर्तमान में कलेक्टर महोदय श्री सुधीर कुमार कोचर एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार डी,ई ग्रेड वाली छात्राओं को नियमित 3 वर्षों के प्रश्न पत्र के साथ वनलाईनर के द्वारा भी नियमित पढ़ाई करवाई जा रही है ।

# धर्म,भक्ति और संस्कारों से ही समाज का कल्याण संभव-प्राची देवी

### 27 कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह

**पथरिया।** विधानसभा क्षेत्र के जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसा कलां में स्थित प्राचीन श्री देव बड़े हनुमान संकट मोचन जी मंदिर परिसर में आयोजित 27 कुण्डीय श्री श्री 1008 श्री मारुति महायज्ञ में श्रद्धा और भक्ति



का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह भव्य धार्मिक आयोजन श्री श्री 1008 महंत श्री रघुनंदन गिरी महाराज जी के सानिध्य में दिनांक 21 से 30 जनवरी तक संपन्न हो रहा है,महायज्ञ में प्रतिदिन पथरिया एवं रहली विधानसभा क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं पूजन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। महायज्ञ के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य प्राची देवी के मुखारविंद से किया जा रहा है कथा के दौरान उन्होंने कहा कि "धर्म, भक्ति और संस्कारों से ही समाज का कल्याण संभव है ऐसे आयोजन मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। श्रद्धालुओं में कथा एवं यज्ञ को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

# कुंडलपुर लिंक रेल लाइन नहीं तो होगा बृहद आंदोलन- वीरेन्द्र दबे

**दमोह।** मप्र राजीव युवा मंच के प्रांतीप अध्यक्ष वीरेन्द्र दबे ने कांग्रेस के वरिष्ठ एवं यवा कांग्रेसियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भारत सरकार अपने आगामी बजट में कुंडलपुर लिंक लाइन के वित्तीय राशि स्वीकृत नहीं करती तो हम सब कांग्रेस जन आमजनता के साथ बृहत आंदोजन को बाध्य होगें उन्होनें कहा कि समूचे जिले के साथ देश विदेश की श्रद्वा का केन्द्र आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तपोस्थाली कुंडलपुर जहां लाखो श्रद्वालु आत है उस क्षेत्र की उपेक्षा बरदास्त नहीं की जायेगी। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में भारत सरकार द्वारा रेल बजट में स्वीकृति की गई थी किंतु उसे नजर अंदाज कर दिया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पूर्व लोस प्रत्याशी तिलक सिंह ने भी कहा कि जब केन्द्र की कांग्रेस सरकार में पूर्व रेल मंत्री लालु प्रसाद यादव थे तब उन्होनें कुंडलपुर लिंक रेलवे लाइन का सर्वे करवाया था किंतु मौजूदा भाजपा सरकारो ने उक्त योजना ठंडे वस्ते में डाल दी। जिससे जैन समाज के व्यक्तियों में रोश व्याप्त है। इस अवसर पर राजु गुप्ता, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलु भट्ट रोहन पाठक, अरूण दुबे, पप्पू कसोटया, शैलेन्द्र सिंह, रियाज खान, अमित बुधौल्या, प्रवेन्द्र चंद्रकार, खिल्लू ठाकुर सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।